## संपादकीय

# चिंता वाली सरकार

अफगानिस्तान में अंतरिम सरकार का स्वरूप सामने आया है। निस्संदेह यह समावेशी सरकार नहीं है। जातीय अल्पसंख्यक समूहों का प्रतिनिधित्व भी नहीं करती। तालिबानियों के दावों के बावजूद इसमें महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। सरकार में वे ही तालिबानी नेता शामिल हैं जो दो दशक पूर्व तालिबानी सरकार में शामिल थे। सरकार के गठन में जिस तरह नामों में बदलाव हुआ, जैसे देरी हुई, उससे जाहिर है कि तालिबानी धड़ों में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। पिछले दिनों पंजशीर घाटी में नेशनल रेजिस्टेंट ऑफ अफगानिस्तान के प्रतिरोध और तालिबान के भेष में पाक फाइटर पायलटों के सधे हुए हमलों के बाद तस्वीर बदलने से साफ हो गया है कि तालिबानी पाक की मदद से ही आगे बढ़े हैं। बदनाम खुफिया एजेंसी आईएसआई मुखिया के खुलेआम सरकार गठन से पहले काबुल पहुंचने से साफ है कि सारे घटनाक्रम में पाक निर्णायक भूमिका में है। ऐसे में अंतरिम सरकार के गठन व स्वरूप को देखकर भारत का चिंतित होना स्वाभाविक भी है। बहरहाल, अब अफगानिस्तान में कोई लोकतांत्रिक सरकार नहीं है, अब 'इस्लामिक अमीरात' का राज है। कहना कठिन है कि वहां भविष्य में चुनाव होंगे या नहीं। ऐसे में अमेरिका व रूस भी चिंतित हैं। वे अफगानिस्तान के मसले पर भारत के संपर्क में हैं। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख भारत की यात्रा कर चुके हैं और रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव भी विदेश मंत्री व राष्टीय सुरक्षा सलाहकार से मिल चुके हैं। हालांकि, अमेरिका, रूस व चीन आदि किसी देश ने तालिबानी सरकार को फिलहाल मान्यता नहीं दी है। आज होने वाले वर्चुअल ब्रिक्स सम्मेलन में भी रूस, चीन के साथ अफगान मामले पर भारत से बातचीत होने के आसार हैं। बहरहाल, वह भ्रम टूटा है कि नई तालिबान सरकार पिछली से भिन्न होगी, क्योंकि सरकार में शामिल अधिकांश मंत्री पिछली तालिबान सरकार में भी शामिल थे, जिसमें पाक की बड़ी भूमिका है।

बहरहाल, अंतरिम सरकार बनने में गतिरोध के बाद आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद के काबुल पहुंचने के बाद साफ हो गया है कि तालिबानी पाक की सक्रिय भागीदारी से आगे बढ़े हैं। पंजशीर के कथित पतन में पाक की भूमिका पर अफगानिस्तान में सवाल उठे हैं। पाक हस्तक्षेप के खिलाफ काबुल व अन्य शहरों में प्रदर्शन भी हुए हैं और तालिबानियों ने प्रदर्शनकारियों पर बाकायदा फायरिंग की है। बहरहाल नई सरकार में मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद प्रधानमंत्री, मुल्ला अब्दुल गनी बरादर व मुल्ला अब्दुल सलीम हनफी को उपप्रधानमंत्री, शेर मोहम्मद अब्बास स्तानिकजई को उप-विदेश मंत्री बनाया गया है। जबकि हिब्तुल्लाह अखुंदजादा कहने को सरकार में सर्वोच्च नेता होंगे, लेकिन उनकी भूमिका सिर्फ मार्गदर्शक की ही होगी। भारत की सबसे बड़ी चिंता सिराजुद्दीन हक्क ानी होंगे, जिन्हें 2008 में काबुल स्थित भारतीय दूतावास पर हमले का मास्टर माइंड माना जाता है। वहीं 2011 में काबुल स्थित अमेरिकी दूतावास के निकट नेटो के अड्डे पर हमले का भी दोषी बताया जाता है जो आज भी अमेरिका की कुख्यात आतंकवादियों की सूची में शामिल है, जिस पर बाकायदा मोटा इनाम रखा गया था। ऐसे में आईएसआई के बेहद करीबी सिराजुद्दीन हक्क ानी के गृहमंत्री बनने से भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। उसके संगठन में बड़ी संख्या पाक आतंकवादियों की है। वैसे भी अफगानिस्तान में लश्कर, जैश, आईएसआईएस व अल-कायदा के गुटों की सक्रियता किसी से छिपी नहीं है। मुंबई से लेकर पुलवामा व पठानकोट हमलों में लश्कर व जैश का हाथ रहा है। हमलों में आईएसआई की भूमिका भी उजागर हुई है। ऐसे में भारतीय चिंता वाजिब भी है। वैसे भी तालिबान प्रवक्त ा कह चुका है कि कश्मीर समेत दुनिया के किसी भी भाग में मुस्लिमों के लिये आवाज उठाना हमारा अधिकार है। भले ही आज भारत अफगानिस्तान की राजनीति को प्रभावित करने की स्थिति में न हो, लेकिन अफगान भूमि में सक्रिय जैश व लश्कर जैसे आतंकी संगठन तालिबान की मदद से भारत को प्रभावित करने की स्थिति में हैं। वैसे भी तालिबान की सोच अमेरिका व अफगान सरकार की मदद करने के चलते भारत विरोधी रही है। भारत को तालिबान से निपटने के लिये व्यावहारिकता का सहारा लेना होगा।

# राजस्थान सरकार ने टोक्यो पैरालंपिक में पदक जीतने वाले चार खिलाड़ियों को दस करोड़ का इनाम दिया

**जयपुर।** टोक्यो पैरालिंपिक खेलों में पदक जीतकर दुनियां में देश का नाम रोशन करने वाले राजस्थान की अवनी लेखड़ा, कृष्णा नागर, देवेन्द्र झाझड़िया एवं सुंदर गुर्जर का आज जयपुर में जोरदार स्वागत किया गया और राज्य सरकार ने उन्हें दस करोड़ रुपए का इनाम दिया। एसएमएस स्टेडियम में इनके सम्मान में आयोजित समारोह में राज्य सरकार द्वारा टोक्यो पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर तीन करोड़, रजत पदक जीतने पर दो करोड़ और कांस्य पदक जीतने पर एक करोड रुपए इनामी राशि दी गई। जिसके तहत अवनि लेखड़ा को स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने पर चार करोड रुपए, कृष्णा नागर को स्वर्ण पदक जीतने पर तीन करोड रुपए एवं देवेंद्र झाझरिया को रजत पदक जीतने पर दो करोड़ रुपए और सुंदर गुर्जर को कांस्य पदक जीतने पर एक करोड़ रुपए का चैक दिया गया। इसके साथ ही सरकार द्वारा प्रत्येक खिलाड़ी को सरकारी नौकरी, शहरी क्षेत्र में



प्लॉट और ग्रामीण इलाके में 25 बीघा कृषि भूमि देने की भी घोषणा की गई।

इस अवसर पर खेल मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि प्रदेश में सरकार का सिर्फ एक ही लक्ष्य है, खेल और खिलाड़ी दोनों को आगे लाया जाए। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि में इजाफा करने के साथ ही आउट ऑफ द टर्म पॉलिसी बनाकर खिलाड़ियों को नौकरी दी जा रही है ताकि भविष्य में कभी भी खिलाड़ी को जीवन यापन के लिए परेशानी का सामना ना करना पड़े।चांदना ने कहा कि आने वाले समय में भी राजस्थान के खिलाड़ी दुनियां में जीत का परचम लहराएंगे।

इससे पहले इन खिलाड़ियों के जयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचने पर चांदना ने उनकी अगवानी कर स्वागत किया। इस मौके पर चांदना ने कहा कि चारों खिलाड़ी आ गए हैं और राजस्थान ने उन्हें पलकों पर बैठा लिया हैं। उनका जोरदार स्वागत हुआ हैं। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने दुनिया में राजस्थान का नाम रौशन किया है और बहुत ही खुशी का माहौल हैं। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के स्वागत के लिए बड़ा कार्यक्रम की योजना थी लेकिन कोरोना के मद्देनजर हाल में जारी गाइडलाइन के कारण केवल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी लोग इनका स्वागत करेंगे। हवाई अड्डे पर प्रशंसकों की भीड़ को देखकर उन्होंने कहा कि कोरोना गाइड लाइन नहीं होती तो यह माहौल अलग ही होता।इस दौरान हवाई अड्डे पर प्रशंसकों की भीड़ जमा हो गई और ढोल नगाड़ों के साथ खिलाड़ियों का साफा पहनाकर, गुलदस्ते देकर एवं फूलमालाएं पहनाकर जबरदस्त स्वागत किया गया।

## विनिवेश से पहले एयर इंडिया की पूंजीगत संपदा विशेष कंपनी को हुई हस्तातंरित

**नई दिल्ली ।** सरकार ने आर्थिक तौर पर बदहाल हो चुकी सरकारी विमानन कंपनी एयर इंडिया के विनिवेश को गति देने के उद्देश्य से उसकी पूंजीगत संपदाओं को एक विशेष कंपनी एयर इंडिया होल्डिंग्स कंपनी लिमिटेड में हस्तातंरित करने को अधिसूचित कर दिया है। इस विशेष कंपनी को एयर इंडिया की चार सहायक इकाइयों, गैर कोर संपदाओं, पेंटिंग और विमाननों के साथ ही अन्य गैर परिचालित संपदा शामिल है।

एयर इंडिया से मिली जानकारी के अनुसार सरकार ने अब इस एयरलाइन की पूरी संपदा एक कंपनी को सौंप दी है और यदि



इसका विनिवेश नहीं होगा तो इसके पास कुछ भी नहीं बचेगा। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इस संबंध में जारी अधिसूचना में कहा है कि यह अधिसूचना एक अप्रैल 2022 से प्रभावी होगी। एयर इंडिया के विनिवेश के लिए वित्तीय बोली आमंत्रित की गयी है जिसकी अंतिम तिथि 15 सितंबर 2021 है। टाटा समूह इसके संभावित ग्राहकों सबसे प्रमुख है।

## मिनी स्टेडियम के निर्माण से निखरेंगी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभायें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए ग्रामीण इलाकों में मिनी स्टेडियम का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। ग्रामीण परिवेश के युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उनको राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मंच दिलाने के लिए सभी 75 जिलों में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण प्रतिभाओं को तलाशने और निखारने के जरूरी मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी में 20 मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसकी तीसरी किश्त जारी कर दी गयी है। इसमें एक



मिनी स्टेडियम बन कर तैयार हो चुका है। इसके अलावा सरकार 30 और मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य करा रही है जिसमें 17 मिनी स्टेडियम को निर्माण के लिए जारी की गई प्रथम किश्त का उपयोगिता प्रमाण पत्र मिलने के बाद दूसरी किस्त दी गयी है जबकि 12 स्टेडियम को दूसरी किस्त और एक नए ग्रामीण मिनी स्टेडियम के लिए प्रथम किस्त जारी की जा चुकी है।

उन्होने बताया कि सरकार का मानना है कि ग्रामीण इलाकों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। संसाधनों की कमी के चलते ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा सामने नहीं आ पाती है। इसके लिए ग्रामीण इलाकों में मिनी स्टेडियमों का निर्माण कराया जा रहा है। इनके निर्माण के बाद ग्रामीण परिवेश के युवाओं की प्रतिभा सामने आ सकेगी और उनको एक मंच मिल सकेगा।

सूत्रों ने बताया कि योगी सरकार के आने के बाद ग्रामीण इलाकों में युवाओं को खेलकूद में आगे बढ़ाने के लिए ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरू किया गया। आयोजनों के लिए प्रत्येक जिले को 40 हजार रुपए की धनराशि जारी की गई। ग्रामीण क्षेत्र में खिलाड़ियों की रूचि देखते हुए वित्तीय वर्ष 2018-19 में बजट में बढ़ोत्तरी कर दी गई। ब्लाक स्तर पर भी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरू कर दिया है। इसके लिए 250 लाख रुपए का बजट दिया गया। वहीं, 2020-21 में इसके दायरे को बढ़ाते हुए 701 विकास खंडों , 62 जिलों में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा ने पूरा किया एक और सपना, माता-पिता को पहली बार फ्लाइट में घुमाया

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक में भारत को गोल्ड मेडल जिताने वाले हरियाणा के नीरज चोपड़ा का एक और सपना पूरा हो गया है। नीरज चोपड़ा ने अपने माता-पिता को पहली बार फ्लाइट में घुमाया। दिग्गज एथलीट ने अपने माता-पिता के साथ हवाई यात्रा की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। नीरज



चोपड़ा ने फोटो शेयर करने के साथ लिखा, आज जिंदगी का एक सपना पूरा हुआ जब अपने मां-पापा को पहली बार फ्लाइट में बैठा पाया। सभी की दुआ और आशीर्वाद के लिए हमेशा आभारी रहूंगा। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो में पुरुषों के जेवलिन थ्रो फाइनल में 87.58 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर गोल्ड मेडल जीता था। हालांकि, कम ट्रेनिंग और भारत लौटने के बाद बीमारी से जूझने के कारण नीरज को 2021 अभियान का अंत करना पड़ा।

## त्योहारों से पहले राहत, खाने का तेल हुआ सस्ता

**नई दिल्ली ।** त्योहारों से पहले सरकार ने जनता को तोहफा दिया है। कोरोना काल में महंगाई से लोग पहले ही परेशान हैं। इसको ध्यान में रखते हुए केंद्र ने खानों के तेल, जैसे- पाम ऑयल, सोया ऑयल और सनफ्लावर ऑयल के आयात पर लगने वाली बेस इंपोर्ट ड्यूटी घटा दी है। इसके जरिए त्योहारों से पहले रसोई में इस्तेमाल होने वाले तेलों की कीमत नीचे आएगी। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक अब क्रूड पाम ऑयल, क्रूड सोया ऑयल और क्रूड सनफ्लावर ऑयल पर लगने वाले बेस आयात शुल्क 2.5 फीसदी हो गया है। जबकि पहले क्रूड पाम ऑयल पर 10 फीसदी और क्रूड सोया ऑयल व सनफ्लावर ऑयल पर 7.5 फीसदी का बेस इंपोर्ट टैक्स लगता था। वहीं रिफाइंड ग्रेड के पाम ऑयल, सोया ऑयल और सनफ्लावर ऑयल पर लगने वाला बेस आयात शुल्क 37.5 फीसदी से कम होकर 32.5 फीसदी हो गया है। बेस आयात शुल्क में कटौती के बाद अब क्रूड पाम ऑयल, सोयाऑयल और



सनफ्लावर ऑयल के आयात पर कुल 24.75 फीसदी टैक्स लगेगा। इसमें 2.5 फीसदी का बेस आयात शुल्क और अन्य टैक्स शामिल हैं। इसी तरह रिफाइंड पाम ऑयल, सोयाऑयल और सनफ्लावर ऑयल के आयात पर अब कुल 35.75 फीसदी का कर लगेगा। इसमें बेस इंपोर्ट टैक्स भी शामिल है। इस साल रसोई में इस्तेमाल होने वाले तेलों का आयात पिछले छह सालों के निचले स्तर पर रह सकता है। इंडस्ट्री बॉडी सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (स्ब्र) के वरिष्ठ एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर डॉ बी वी मेहता के अनुसार, कोरोना वायरस महामारी संकट और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि की वजह से लगातार दूसरे साल इसमें कमी आ सकती है।

## आज का राशिफल

मेषः आज आप सामाजिक तथा सार्वजनिक क्षेत्र में लोगों की प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। लक्ष्मीजी की कृपा रहेगी। कुटुंब और दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव करेंगे।

वृषभ : शारीरिक मानसिक स्वस्थता के साथ आप अपने कार्य निर्धारित रूप से आयोजनपूर्वक पूरा कर सकेंगे। बीमार व्यक्ति आज स्वास्थ्य में सुधार का अनुभव करेंगे।

मिथुन : नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए अनुकूल दिन नहीं है। चर्चा, वाद- विवाद के दौरान मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें। स्त्री मित्रों के पीछे धन खर्च होगा।

कर्क : आपमें आज आनंद और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में खिन्नता रहेगी। छाती में दर्द या अन्य कोई कारण से तकलीफ होगा। अनिद्रा सताएगी।

सिंह : आज के दिन आप शरीर में ताजगी और चित्त की प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। दोस्तों के साथ अधिक घनिष्ठता अनुभव करेंगे। मित्रों एवं स्वजनों के साथ लघु पर्यटन या प्रवास होगा।

कन्याः परिवार में सुख-शांति और कुटुंबीजनों के साथ आनंद आज के दिन को खुशहाल बनाएंगे। आज आपकी मधुरवाणी का जादू अन्य लोगों को प्रभावित करेगा।

तुला : आज आपकी रचनात्मक शक्ति यां प्रकट होंगी। सृजनात्मक प्रवृत्तियां करेंगे। वैचारिक दृढ़ता से आपके कार्य सफल बनेंगे।

वृश्चिक : आज दिन के समय आमोद-प्रमोद तथा मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च करेंगे। मानसिक चिंता और शारीरिक तकलीफों से परेशान होंगे।

धनु : आज का दिन आपके लिए लाभदायक होगा। गृहस्थजीवन में सुख-शांति रहेगी। प्रिय व्यक्ति के साथ का मिलन यादगार रहेगा।

मकर : वसूली, प्रवास, आय आदि के लिए शुभ दिन है। पदोन्नति के योग की संभावना बढ़ेगी। पिता से लाभ होगा।

कुंभ : आज आपको तबीयत में बेचैनी, थकान और ऊबन रहेगा। परंतु मानसिक स्वस्थता बनाए रख सकेंगे। शरीर में स्फूर्ति का अभाव रहेगा।

मीनः बीमारी के पीछे खर्च करने पड़ेंगे। अचानक धन खर्च होगा। अन्य कामकाज में भी आपको थोड़ी प्रतिकूलता का अनुभव करना पड़ेगा।

## रणवीर और आलिया अभिनीत बैजू बावरा की शूटिंग अक्टूबर में होगी शुरू



संजय लीला भंसाली फिल्म बैजू बावरा को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल में खबर आई थी कि इस फिल्म के लिए रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। रणवीर के अलावा फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री आलिया भट्ट भी नजर आने वाली हैं। आलिया फिल्म में रणवीर के अपोजिट भूमिका में दिखेंगी। अब इस फिल्म से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो फिल्म बैजू बावरा की शूटिंग अक्टूबर में शुरू हो सकती है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रणवीर और आलिया की फिल्म बैजू बावरा की शूटिंग अक्टूबर में शुरू होने वाली है। इसके लिए वर्तमान में सेट का निर्माण गोरेगांव के फिल्म सिटी में किया जा रहा है। खबरों की मानें तो आलिया और रणवीर के लिए यह शेड्यूल बहुत व्यस्त होने वाला है क्योंकि उन्होंने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की शूटिंग भी शुरू कर दी है। इस फिल्म का निर्देशन करण जौहर कर रहे हैं।

दूसरे लॉकडाउन के कारण आलिया और रणवीर की डेट डायरी में बदलाव आया है, जिसके कारण रॉकी और रानी की प्रेम कहानी और बैजू बावरा की शूटिंग एक साथ चल सकती है। इसका मतलब है कि अब दोनों कलाकरों को इन दोनों फिल्मों के प्रोजेक्ट पर एक साथ काम करना पड़ सकता है।

## संजय लीला भंसाली की हीरा मंडी में नजर आ सकती हैं जूही चावला

संजय लीला भंसाली बॉलीवुड के महान निर्देशक हैं। उन्होंने अब तक कई शानदार फिल्मों का निर्देशन किया है। काफी समय से वह अपनी बहुचर्चित वेब सीरीज हीरा मंडी को लेकर चर्चा में हैं। फिलहाल इस सीरीज की कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। आए दिन इस सीरीज से इंडस्ट्री के बड़े कलाकारों के नाम जुड़ रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि हीरा मंडी में सदाबहार अभिनेत्री जूही चावला नजर आ सकती हैं। रिपोर्ट की मानें तो भंसाली की हीरा मंडी में जूही



अपनी मौजूदगी दर्ज करवा सकती हैं। एक सूत्र ने कहा, सीरीज हीरामंडी में कुल 18 महिला कलाकारों की उपस्थिति देखने को मिलेगी, जिनमें सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, निम्रत कौर, संजीदा शेख और डायना पेंटी का नाम शामिल है।

## काफी सेहतमंद भी है मूली के पत्ते की भुर्जी

मूली को हम सैलेड में तो इस्तेमाल कर देते हैं लेकिन इसकी पत्तियां फेंक देते हैं। तो आज हम मूली के पत्तियों की सब्जी बनाना सीखेंगे। जो है सेहत के लिए बेहद फायदेमंद।



### सामग्री :

मूली की कटी हुई पत्तियां, कटी हुई मूली, 2 हरी मिर्च, 1 टीस्पून सरसों का तेल, 1/2 छोटा चम्मच जीरा, 1/4 छोटा चम्मच अजवाइन, 1/8 छोटा चम्मच हींग, 1/4 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 3/4 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1 टीस्पून धनिया पाउडर, 1/2 छोटा चम्मच अमचूर पाउडर, स्वादानुसार नमक

### विधि :

कटी हुई मूली के पत्ते और कटी हुई मूली को आधा कप पानी के साथ प्रेशर कुक करें, एक सीटी आने तक पका लें।

छलनी में मूली के पत्तों को निकाल दें, ठंडा होने के बाद मूली के पत्तों और मूली से कसकर पानी निचोड़ लें।

एक कढ़ाही में सरसों का तेल गरम करें, उसमें जीरा और अजवाइन डालें। इसे तब तक भूनें जब तक कि रंग न बदल जाए, आंच कम कर दें।

अब हरी मिर्च और हींग डालकर कुछ सेकंड के लिए भूनें।

फिर मूली और उसके पत्ते डालें। इसके साथ ही हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, आमचूर और नमक डालें। अच्छी तरह मिलाकर 4 से 5 मिनट और पकाएं।

तैयार है मूली के पत्तों की भूर्जी। रोटी या चावल-दाल किसी के साथ भी परोसें।


## शब्द सामर्थ्य- 198

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 197 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू-दोकू- 198

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[illegible] सकते है। 3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.197 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |